तापमान

अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026



4 अधूरे पुल निर्माण ने बढ़ाई परेशानी, काम की सुस्ती से बढ़ रहा मोहल्लेवासियों में आक्रोश






## जिले में लॉन्च हुआ आरबीसी 6/4 डिजिटल पोर्टल, हर आवेदन पर होगी नजर

# अब दफ्तर नहीं, मोबाइल करेगा न्याय एक क्लिक में मिलेगी आर्थिक सहायता

प्रतीक मिश्रा ⏭ रायगढ़

जिला प्रशासन ने नागरिक सेवाओं को आसान, पारदर्शी और तेज बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए राजस्व पुस्तक परिपत्र यानि आरबीसी 6-4 नामक डिजिटल पोर्टल एवं मोबाइल ऐप की लॉच की है। इस पहल का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी राहत प्रदान करना और आवेदन व स्वीकृति की प्रक्रिया को सरल बनाना है। इसके लिए प्रणाली के तहत राजस्व, स्वास्थ्य व पुलिस विभाग के बीच समन्वय बढाना है। ताकि जरूरतमंद नागरिकों को समय पर राहत और सेवाएं मिल सके।

राजस्व पुस्तक परिपत्र एक प्राकृतिक आपदा राहत प्रबंधन प्रणाली है। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से अब लोग घर बैठे ही आवेदन कर सकेंगे और अपने प्रकरण की स्थिति की जानकारी भी ले सकेंगे। साथ ही, आवेदन की रियल-टाइम ट्रैकिंग की सुविधा मिलने से पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और पेपरलेस बन जाएगी।

अलग खबर




### पीड़ित परिवारों को मिलेगी आर्थिक सहायता

राजस्व पुस्तक परिपत्र एक वैधानिक प्रावधान है, जिसके अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, आग, सर्पदंश, बिजली गिरने, पानी में डूबने आदि से होने वाली मृत्यु, जनहानि या फसल एवं मकान के नुकसान की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों को तत्काल राहत एवं आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि संकट की स्थिति में प्रभावित परिवारों को सहारा मिल सके। यह प्रावधान अतिवृष्टि, बाढ़, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली, आगजनी, सर्पदंश एवं जल दुर्घटनाओं जैसी घटनाओं में लागू होता है।

### इस उदेश्य से बनाया गया ऐप

इसका मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित नागरिकों को त्वरित एवं पारदर्शी राहत प्रदान करना, आवेदन एवं स्वीकृति प्रक्रिया को डिजिटल एवं सरल बनाना, राजस्व, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना सहायता राशि को समयबद्ध तरीके से डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राही के खाते में पहुंचाना है ।

### इस तरह से होगी प्रक्रिया

पटवारी, स्वास्थ्य एवं पुलिस विभाग द्वारा आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज एप के माध्यम से अपलोड होगा। जिसके बाद आवेदन तहसीलदार को प्रेषित होगा, तत्पश्चात आवेदन का सत्यापन, सत्यापन के बाद प्रकरण एसडीएम को अग्रेषित होगा। जिसके बाद एसडीएम द्वारा परीक्षण उपरांत प्रकरण कलेक्टर को भेजा जाता है, फिर अंतिम स्वीकृति के पश्चात डीबीटी के माध्यम से सीधे भुगतान हितग्राही के बैंक खाते में किया जाता है।

इससे न सिर्फ समय की बचत होगी, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित होगा।

जिला प्रशासन का मानना है कि इस पोर्टल के लागू होने से प्रकरणों के निपटान में तेजी आएगी और अनावश्यक देरी व भ्रष्टाचार पर भी लगाम लगेगी। इसके अलावा, नागरिक संतुष्टि में वृद्धि के साथ डिजिटल गवर्नेंस को भी मजबूती मिलेगी। इसकी वजह से आवेदन प्रक्रिया में तेजी एवं पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और कागजी कार्यवाही में कमी आएगी। साथ ही डिजिटल रिकॉर्ड संधारण भी दुरुस्त होगा। विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं कार्य कुशलता तथा प्रभावित परिवारों को समय पर आर्थिक सहायता प्राप्त हो सकेगा। इसके अलावा प्रकरणों की मॉनिटरिंग एवं ट्रैकिंग में सुधार होगा। यह पहल न केवल आपदा प्रबंधन को सशक्त करती है, बल्कि आम नागरिकों को समय पर सहायता प्रदान कर शासन के प्रति विश्वास को भी मजबूत करती है। एप के माध्यम से पीड़ित पक्ष सीधे तौर पर प्रशासन से डिजिटल प्लेटफार्म न्याय मांग सकता है।

## खबर संक्षेप



### तीन सवार बाइक ने मारी टक्कर, दो युवक घायल

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना का एक मामला सामने आया है, जहां तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रही मोटरसाइकिल ने दूसरी बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोग घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम बहिरकेला निवासी लाल कुमार सारथी पिता चमरा सारथी जो पेशे से राज मिस्त्री हैं। वह बीते 22 अप्रैल को अपने रिश्ते के भाई राम कुमार सारथी के साथ शाहपुर से बहिरकेला लौट रहे थे। वे दोनों बाइक क्रमांक सीजी 13 बी 3370 से जा रहे थे, जिसे राम कुमार चला रहा था।। दोपहर करीब 12 बजे ग्राम कोसमपाली के लाल तराई स्थित रेलवे पुलिया के पास सामने से आ रही एक मोटर साइकिल जिसमें तीन लोग सवार थे, के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसे में लाल कुमार सारथी को बाएं पैर और सिर में चोट आई है, जबकि राम कुमार सारथी के दाहिने हाथ की उंगली, कमर और जांघ में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद घायलों ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

### आधी रात हिट एंड रन वाहन ने तोड़ा वेट हाई गेज

**रायगढ़।** नवागढ़ क्षेत्र में देर रात एक अज्ञात वाहन द्वारा सड़क किनारे लगे वेट हाई गेज को क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, नवागढ़ निवासी विष्णू दास, जो जेएसके सिक्योरिटी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत हैं। उसने बताया कि नियमित पेट्रोलिंग के दौरान मध्यरात्रि में यह घटना सामने आई। उन्होंने देखा कि किसी अज्ञात वाहन ने राष्ट्रीय मार्ग पर लगे वेट हाई गेज को टक्कर मारकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस वेट हाई गेज की कीमत लगभग 15 से 20 हजार बताई जा रही है। हालांकि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति के घायल होने या अन्य किसी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं है। घटना की जानकारी संबंधित क्षेत्राधिकार वाले विभाग और प्रशासन को दे दी गई है। प्रार्थी विष्णू दास द्वारा लिखित सूचना में उचित कार्रवाई की मांग की गई है, साथ ही इसकी जानकारी मजिस्ट्रेट को भी भेजी गई है। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश और मामले की जांच में जुट गई है।

### मोबाइल के 25 हजार मांगना पड़ा भारी, युवक पर चाकू से हमला

**रायगढ़।** पुसौर थाना क्षेत्र में मोबाइल बेचने के बाद पैसे मांगने पहुंचे युवक पर धारदार हथियार से हमला करने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार बंटी यादव पिता प्रभुलाल यादव रोजी-मजदूरी का काम करता है। उसने बीते जनवरी में अपना मोबाइल फोन 25 हजार में लारा निवासी अनिल गुप्ता को बेचा था। उस समय अनिल गुप्ता ने पैसे बाद में देने का वादा किया था, लेकिन कई बार मांगने के बावजूद उसने भुगतान नहीं किया। बताया जा रहा है कि 20 अप्रैल को पैसे देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन प्रार्थी उस दिन अपने निजी कार्यों के कारण लारा नहीं जा सका। इसके बाद 23 अप्रैल को वह अपने दोस्त अभिषेक पाणिग्रही निवासी रायगढ़ के साथ मोटरसाइकिल से लारा पहुंचा। दोपहर करीब डेढ़ बजे लारा बस्ती चौक में अनिल गुप्ता से पैसे मांगने पर वह आगबबूला हो गया और गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने धारदार चाकू से प्रार्थी के दाहिने हाथ पर 2-3 बार हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। इतना ही नहीं आरोपी ने दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी और मौके से फरार हो गया।

## जमीन विवाद में भतीजे ने कर दिया बड़ी मां का कत्ल और शव को फेंक दिया जंगल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

छाल थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली हत्या का मामला सामने आया है, जहां जमीन विवाद ने रिश्तों को तार तार कर दिया। बड़ी मां की बेरहमी से हत्या कर शव को जंगल में फेंकने की सनसनीखेज वारदात को पुलिस ने सुलझा लिया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मामला ग्राम बेहरामार का है, जहां 70 वर्षीय केवला बाई राठिया पिछले 4-5 दिनों से लापता थीं। 22 अप्रैल को उनके बेटे लोकनाथ राठिया ने थाना छाल में गुमशुदगी दर्ज कराते हुए अपने चचेरे भाई आशन राठिया पर जमीन विवाद के चलते अनहोनी की आशंका जताई।



इसी बीच बेहरामार जामपाली मार्ग के जंगल में झाड़ियों के बीच एक सड़ी-गली लाश मिलने और दुर्गंध फैलने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव बरामद कर उसकी पहचान केवला बाई राठिया के रूप में की। जांच में सामने आया कि जमीन बंटवारे और बिक्री को लेकर आरोपी आशन राठिया का मृतिका से लंबे समय से विवाद चल रहा था। 18 अप्रैल को महुआ बीनने के दौरान दोनों के बीच विवाद हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपनी बड़ी मां पर बेरहमी से हमला कर दिया, जिससे वृद्ध महिला की मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने की नीयत से शव को बाइक में ले जाकर जंगल में झाड़-झंखाड़ के बीच फेंक दिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और सघन पूछताछ के आधार पर आरोपी को हिरासत में लिया। उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी आशन राठिया 36 वर्ष को गिरफ्तार कर हत्या के मामले में धारा 103,1 के तहत न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और अन्य साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं।

## चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई बाइक बरामद की है। इस संबंध में रूपानंद राठिया निवासी ग्राम टांगरघाट द्वारा 11 अप्रैल 2026 को थाना तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 2 अप्रैल की शाम वह मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एएच 0199 घर के पास खड़ी कर शादी कार्यक्रम में गया था, और अगले दिन सुबह लौटने पर बाइक गायब मिली। प्रकरण में थाना तमनार में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 303,2 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी गई बाइक ग्राम चिर्रामुडा के एक युवक के पास देखी गई है। सूचना पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने बरभांठा चौक में घेराबंदी कर संदेही अर्जुन सिदार 19 वर्ष निवासी चिर्रामुडा को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया, जिसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद की गई। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी पूर्व में भी चोरी के मामलों में संलिप्त रहा है।



## सूने घर से चोरों ने नकदी समेत चांदी के सामान पर कर दिया हाथ साफ

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाकर लाखों के सामान पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसारए पतरापारा निवासी 50 वर्षीय मनोज शर्मा अपने परिवार के साथ 14 अप्रैल को अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए मुंबई गए हुए थे। इसी दौरान 20 अप्रैल को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे के बीच अज्ञात व्यक्तियों ने उनके घर का दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोरों ने घर के पूजा कक्ष में रखे करीब 30 हजार रुपये नगदए बुटीक से लगभग 25 हजार का सामान तथा पूजा घर से चांदी की कटोरी, गिलास सहित अन्य कीमती वस्तुएं चोरी कर लीं। घर लौटने पर जब घर के हालात देखे तो पैरों तले जमीन खिसक गई। मनोज शर्मा ने धरमजयगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ और संदिग्धों की तलाश जारी है।



### रायगढ़ के एक रिटायर्ड कर्मचारी से की थी 37 लाख की ठगी

## सीबीआई का डर, देशभर में फैलाया डिजिटल फ्राड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कभी किसी को टेलीकॉम अधिकारी, पुलिस अधिकारी तो कभी किसी को सीबीआई अफसर के नाम पर भय डर दिखाते और साइबर फ्राड का एक ऐसा जाल फैलाया जिसमें पढ़े लिखे लोग भी फंसकर लाखों गंवा बैठे। इस डिजिटल ठगी गैंग ने देश भर में डेढ़ करोड़ से अधिक का ठगी किया था। अब इस गैंग का अंत हो गया है। पुलिस ने उनके मांद में घुसकर एक महिला समेत पांच आरोपियों को पकडा है। यह गैंग पीड़ितों को मनी लॉन्ड्रिंग और गिरफ्तारी का भय दिखाकर उनसे बैंक डिटेल लेता था और फिर अलग-अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई जाती थी। रायगढ़ के सेवानिवृत्त एसडीओ स्तर के अधिकारी को भी इसी तरह निशाना बनाया गया। जनवरी 2026 में शुरू हुए इस जाल में फंसाकर उनसे 30 जनवरी से 11 फरवरी के बीच 36 लाख 97 हजार 117 रुपए ट्रांसफर करा लिया। शिकायत मिलने के बाद साइबर पुलिस ने बैंक ट्रांजेक्शन, मोबाइल लोकेशन और डिजिटल ट्रेल के आधार पर जांच शुरू की। जांच में रकम का लिंक राजस्थान के भीलवाड़ा से जुड़ा मिला, जिसके बाद एक टीम गठित कर वहां दबिश दी गई। इस कार्रवाई में गिरोह के मास्टर माइंड राहुल व्यास, जो एक बैंक कर्मचारी है को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ और अन्य चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में महिला समेत पांच आरोपियों को राजस्थान के भीलवाड़ा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायगढ़ लाया गया है।



### खुद हुए शिकार, बाद में बना लिया कारोबार

जांच में सामने आया कि आरोपी पहले खुद साइबर ठगी का शिकार हुए थे। इसी को बाद में हथियार बना लिया और इस अपराध को कमाई का जरिया बनाया। यूट्यूब और इंटरनेट से साइबर ठगी के तरीके सीखे, बाद में बैंक खातों का इस्तेमाल कर पैसे ट्रांसफर कराया। गिरोह के सदस्यों के बीच प्रतिशत के आधार पर रकम बांटी जाती थी। गिरोह के पास से 7 मोबाइल, 1 लैपटॉप बरामद किया गया। कई बैंक खातों में संदिग्ध लेनदेन पाए गए हैं। एक आरोपी के खाते में ही करीब 60 लाख रुपए के ट्रांजेक्शन मिले हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि यह गिरोह अलग-अलग राज्यों में सक्रिय था और अब तक करीब 1 करोड़ 40 लाख 77 हजार 300 की साइबर ठगी कर चुका है।




